# पाठ-4 फिर क्या हुआ ?
# पाठ-5 पुष्प की अभिलाषा
# पाठ-6 अग्नि उड़ान

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow




CLASS: V
SESSION NO : 15
SUBJECT : HINDI
CHAPTER NUMBER: 4,5,6
TOPIC:फिर क्या हुआ ?,पुष्प की अभिलाषा
अग्नि उड़ान
SUB TOPIC:कक्षा परीक्षा -2 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न , कारक से वाक्य ,वचन बदलिए



Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

# शिक्षण उद्देश्य

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

कक्षा परीक्षा के माध्यम से छात्रों का मूल्यांकन तथा संदेह दूरीकरण करना ।

कक्षा परीक्षा -2

पूर्ण अंक =20

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए (1*5=5 )

एक किसान के चार बेटे थे तंदुरुस्त, लेकिन निकम्मे | दिनभर - आवारागर्दी करते थे, कोई काम नहीं करते थे। एक बार किसान बीमार पड़ा। उसने बेटों को बुलाकर कहा ” मैं अब नहीं बचूँगा। तुम लोग मेरी मृत्यु के बाद ज़मीन खोदकर उसमें से गड़ा धन निकाल लेना ।" | जल्दी ही वह चल बसा। चारों बेटों ने पूरा खेत खोद डाला | मगर कुछ नहीं निकला | वे बहुत निराश हुए | तभी एक ने कहा- चलो, गेहूं बो देते है।" उस साल बहुत अच्छी फसल हुई और उन्हें अच्छा लाभ मिला | अब वे समझ गए कि मेहनत ही धन है।

1.क . किसान के कितने बेटे थे ?

ख . वे दिनभर क्या करते थे ?

ग . किसान ने बेटों को बुलाकर क्या कहा ?

घ . अंत में बेटों ने क्या समझा ?

ङ. मेहनत से एक वाक्य बनाइए ।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिए | (3*2=6)

क . अग्नि की उड़ान पाठ से  आपने अब्दुल कलाम के माता पिता के बारे में जो - जो जाना लिखिए|

ख.  जब किसी के  सामने परेशानी आए तो उसे क्या करना चाहिए ?

3. निम्नलिखित कारक से वाक्य बनाइए | (1*3=3 )

क . ने -

ख . के लिए -

ग . में

4. रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर दुबारा लिखिए I (1*3=3)

- लड़की खेल रही है I
- लकड़हारा पेड़ काट रहा है I
- मैंने पुस्तक खरीदी है I

5. सर्वनाम के भेद बताइए I (1*3=3 )

- लगता है कोई आ रहा है I
- मुझे कौन बुला रहा है ?
- मैं पुस्तक पढ़ रहा हूँ I

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

<u>उत्तर</u>

1. चार

- आवारागर्दी करते थे कोई काम नहीं करते थे।
- मैं अब नहीं बचूँगा। तुम लोग मेरी मृत्यु के बाद ज़मीन खोदकर उसमें से गड़ा धन निकाल लेना. ।
- अंत में वे समझ गए कि मेहनत ही धन है।
- मेहनत का फल मीठा होता है ।

2. अब्दुल कलाम जी के पिता का नाम जैनुलाब्दीन और माता का नाम आशियम्मा था। उनके पिता की औपचारिक शिक्षा नहीं हुई थी और न ही वे बहुत धनी थे। परंतु वे बुद्धिमान, ईमानदार एवं उदार थे। वे सभी ऐशो-आराम वाली चीजों से दूर रहते थे। माँ धार्मिक व दयालु महिला थी। माता-पिता दोनों ही लंबे-चौडे व सुंदर थे ।

ख. 3 .यदि किसी के सामने परेशानी आए ,तो उसे डरना नहीं चाहिए I  पहले  परेशानी का कारण ढूँढ़ना है और उसको धैर्य के साथ हल करने की कोशिश करनी चाहिए I जिस दिन कोशिश पूरी  हो जाएगी, उस दिन सफलता जरुर मिल जाएगी I

3 . क . ने -  मैंने   कल एक सपना देखा I

ख . के लिए - पिताजी रोहन के लिए  खिलौने लाए I

ग . में - माँ घर में है I

4. लड़कियाँ खेल रही है ।

- लकड़हारे पेड़ काट रहे हैं ।
- मैंने पुस्तकें खरीदी है ।

5. कोई- अनिश्चयवाचक सर्वनाम

- कौन-प्रश्नवाचक सर्वनाम
- मैं -पुरूषवाचक सर्वनाम

# शिक्षण प्रतिफल

कक्षा परीक्षा के माध्यम से छात्रों का मूल्यांकन करने के साथ -साथ संदेह दूरीकरण   हो पाएगा  ।

# THANKING YOU

# ODM EDUCATIONAL GROUP